तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025



12 प्राकृतिक खेती को अपनाये किसान, बताई तकनीकी विधि



14 संकुल केंद्र में मना प्रवेशोत्सव






## खबर संक्षेप



### शराब पीकर वाहन चलाते 12 चालक पकड़े गए

**बलौदाबाजार**। जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 12 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जब्त किया गया है। जब्त सभी 12 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख़्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमों का पालन करें, किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलाए।

### चिटफंड कंपनी का फरार डायरेक्टर मुंगेली से गिरफ्तार



**बलौदाबाजार**। चिटफंड कंपनी गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाईड लिमिटेड का आरोपी डायरेक्टर विक्रम सिंह सोनालिया को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी डायरेक्टर 6 साल से फरार था। जिले में चिटफंड कंपनी से पैसा वापसी के लिए 311 लोगों ने 2,13,10,930 रुपए वापसी के लिए आवेदन किया है। प्रार्थी उदय सिंह मरावी निवासी ग्राम केसला की रिपोर्ट पर चिटफंड कंपनी बीएन .गोल्ड रियल स्टेट एण्ड एलाईड लिमिटेड सन 2010 से निवेशकों से लेन देन चालू हो गया था। प्रकरण में निवेशकों द्वारा कंपनी के लुभावनी स्कीम से प्रभावित होकर रकम जमा किया गया, जिसका बांड पेपर कुल 311 जिसमें निवेशकों द्वारा कुल राशि 21,310,930 कंपनी में जमा कराकर फरार हो गया है कि रिपोर्ट पर चौकी करही बाजार में धारा 420,34 भादवि 3,4 द इनामी चिटस एण्ड मनी. एक्ट, 10 निरपेक्षो का संरक्षण अधि. 2005 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में आरोपियों द्वारा अपराध धारा सदर का घटना घटित करना पाये जाने से पूर्व में इस चिटफंड कंपनी के डायरेक्टरों 8 आरोपी सचिन डामोर, गुरविंदर सिंह संधू उर्फ जी. एस. संधु, विपिन सिंह यादव, विनय कुमार भारती, विकास भारती, अनिल कुमार शर्मा, बलजीत संधु, संदीप सोंध को मामले में पूर्व में गिरफ्तार किया किया जा चुका है। पुलिस स्टाफ द्वारा प्रकरण के फरार आरोपी ग्राम मुंगेली थाना आस्टा जिला सिहोर मध्यप्रदेश के 47 वर्षीय विक्रम सिंह सोनालिया को 30 जून को विधिवत गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है।

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे नरोत्तम निषाद पिता पुनीराम निषाद, निवासी ग्राम नवापारा, तहसील कसडोल, तिजराम पिता ▸▸ शेष पेज 12 पर


## जायजा : भवन का तकनीकी परीक्षण कर मरम्मत कराने के निर्देश

# अर्जुनी ब स्वास्थ्य केंद्र में प्रशासन ने की मूलभूत सुविधाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार क्रो विकासखंड कसडोल के दौरे पर निकले। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी 'ब' का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भवन में जगह -जगह टूट - फूट होने और स्लैब के धंसने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीजीएमसी के इंजीनियर क्रो तकनीकी परीक्षण कराकर रिपोर्ट उच्च कार्यालय क्रो प्रेषित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल के चिकित्सक क़क्ष, एक्सरे रूम, महिला वार्ड, दवा वितरण क़क्ष, नेत्र परीक्षण क़क्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में स्टॉफ की संख्या, उपस्थिति, माह में डिलीवरी की संख्या, दवाईयों की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। इलाज के लिए आने वाले ग्रामीणों के साथ अच्छा व्यवहार तथा अस्पताल की साफ सफाई पर ध्यान देने कहा बताया गया कि पीएचसी भवन अर्जुनी का निर्माण सीजीएमएससी द्वारा वर्ष 2018 में किया गया है, लेकिन तकनीकी खामी के कारण भवन के फर्श, दीवाल व स्लैब खराब हो रहे हैं। 10 बिस्तरीय अस्पताल में आरएमओ सहित कुल 9 स्टॉफ पदस्थ हैं। इस अस्पताल में हर माह लगभग 12 से 14 डिलीवरी होती है।इस दौरान एसडीएम आर. आर.दुबे, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, बीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।





### बरबसपुर में उल्टी -दस्त प्रभावितों का लिया जायजा

कलेक्टर सोनी ने ग्राम बरबसपुर पहुंचकर उल्टी -दस्त से पीड़ित ग्रामीणों का हाल- चाल जाना और स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि 4 लोगों क्रो उल्टी- दस्त की शिकायत थी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाया गया था। एक मरीज सीएचसी पलारी में भर्ती है। सभी की स्थिति अब ठीक है। कलेक्टर ने ग्रामीणों क्रो ताजा भोजन ग्रहण करने, पानी उबाल कर पीने तथा दूषित भोजन का परहेज करने की समझाईश दी। इस दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत पीएचई द्वारा बनाये गए पानी टंकी एवं बोर का भी अवलोकन किया और टंकी में पानी भरने व घर तक सप्लाई शुरु करने अधिकारियों क्रो निर्देशित किया। उन्होंने गांव के महामाया तालाब क्रो अमृत सरोवर के तहत विकसित करने सौन्दर्यीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार करने कहा।

# संदिग्ध 5 बाहरी व्यक्ति गिरफ्तार, जेल भेजे गए



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

बलौदाबाजार जिले में एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे समाधान शिविरों का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। समाधान शिविरों के माध्यम से पुलिस व प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है कि वे संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और अनजान व्यक्तियों को गांव में घुसने से रोकें। इसी कड़ी में पलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पांच बाहरी व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में घूमते पाए गए। ग्रामीणों ने सजगता दिखाते हुए इसकी सूचना तत्काल पलारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल घेराबंदी कर सभी पांचों व्यक्तियों को पकड़ा।पुलिस द्वारा पूछताछ में संतोष जनक जवाब नहीं मिलने और उनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए सभी को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

■ समाधान शिविर का असर पलारी में दिखा

थाना प्रभारी ने बताया कि समाधान शिविरों की वजह से अब लोग सजग हो रहे हैं और पुलिस को सहयोग कर रहे ▸▸ शेष पेज 12 पर

### 500 से अधिक जब्त वाहनों की होगी खुली नीलामी

**बलौदाबाजार**। जिले के विभिन्न थाना, चौकी में लादावा वाहनों (धारा 28 पुलिस एक्ट में जप्तशुदा वाहन), आबकारी एक्ट एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जब्त वाहनों की खुली नीलामी की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न थाना, चौकी द्वारा लादावा वाहनों के तहत जब्त किये गये दो पहिया, चार पहिया, ट्रक एवं ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त वाहनों कुल 533 नग वाहनों की खुली बोली के तहत 10 जुलाई को पुलिस लाइन बलौदाबाजार के परेड ग्राउंड में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक एवं 11 जुलाई को थाना भाटापारा ग्रामीण परिसर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक नीलामी कार्यवाही की जायेगी।

## धरती आबा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ढाबाडीह व बरडीह पंचायत सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष शिविर में 9 योजनाओं से संतृप्त होने पर विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत ढाबाडीह एवं बरडीह क्रो सम्मनित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क्रो सभाकक्ष में ग्राम पंचायत ढाबाडीह एवं बरडीह के सरपंच सचिव क्रो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 गांव ने 15 जून से विशेष शिविर का लगाए जा रहे हैं।

शिविर में 9 योजनाओं से हितग्राहियों क्रो शतप्रतिशत लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं आधार कार्ड सभी 46 गांव के शत-प्रतिशत लोगों के बनाये जा चुके हैं। शेष योजनाओं के लिए अभी भी शिविर जारी है।

## उद्यानिकी विभाग ने 500 पौधों का किया निःशुल्क वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में बारिश के मौसम में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर उद्यानिकी एव वन विभाग द्वारा लोगों क्रो निःशुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है। इसी कडी में मंगलवार क्रो उद्यानिकी विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में 500 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। सहायक संचालक उद्यानिकी आभा पाठक ने बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा जिले में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ब्लॉक प्लांटेशन के अलावा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण के लिए लोगों क्रो प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। विभाग द्वारा विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का निःशुल्क वितरण सभी विकासखंड मुख्यालयों में किया जा रहा है।



## मतदान केन्द्रों का होगा युक्तियुक्तकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ जिला निर्वाचन कार्यालय में हुई राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक जिला निर्वाचन कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्रों की सूची एवं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, विलोपन करने स्थानांतरण करने संबंधी प्रपत्र 06, 07,08 की प्रति भी प्रदान की गई। साथ ही मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रस्ताव तथा नया ▸▸ शेष पेज 12 पर



## बल्दाकछार में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

लोगों कि समस्याओं का त्वरित निरारण गांव में ही करने के उद्देश्य से बुधवार क़ो दूरस्थ वनांचल के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील, जनपद अध्यक्ष कुसुम पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शिविर में शामिल हुए। शिविर में लोगों की समस्या सुनने के साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों से प्राप्त लगभग 109 आवेदनों में से अधिकांश का निराकरण शिविर में ही किया गया। विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

■ शिविर में मिले आवेदनों का शत-प्रतिशत हुआ निराकरण

इस अवसर पर कलेक्टर सोनी ने कहा कि बल्दाकछार व अवऱई विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांव है, जहां लोगों क्रो शासकीय योजनाओं का लाभ देने समय - समय पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत औचक निरीक्षण में यहां आए थे और अनेक सौगात दिये थे। मुख्यमंत्री की घोषणा और निर्देशों ▸▸ शेष पेज 12 पर

### हितग्राहियों क़ो बांटी गई सामग्री

शिविर में अतिथियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 4 हितग्राहियों क़ो आवास की चाबी सौंपी गई। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा 6 किसानों क़ो स्पेयर पंप, उद्यानिकी विभाग द्वारा हंस वाहिनी स्व सहायता समूह क़ो 1 नग पावर स्पेयर पंप व पौधा वितरण, 3 लोगों क़ो मनरेगा जॉब कार्ड, सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 15 छात्राओं क़ो एक -एक नग सायकिल, समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 नग व्हील चेयर व 2 नग छड़ी, 3 बुजुर्गों क़ो पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म किया गया। इस अवसर पर सरपंच रमेश कुमार ध्रुव, सरपंच संघ उपाध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम आर. आर. दुबे विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

# अलग-अलग समस्याओं पर कार्रवाई के लिए शिव सैनिकों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

शिवसेना सिमगा शहर एवं ग्रामीण ईकाई की बैठक स्थानीय रेस्ट हाऊस में आयोजित की गई, जहां बैठक पश्चात एसडीएम को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा में संलग्नीकरण एवं लैब में फर्जी रिपोर्ट बनाने के खिलाफ उचित कार्यवाही करने, ग्राम मांढर (ब) के प्राथमिक शाला भवन अत्यंत जर्जर है, जिन्हें डिस्मेंटल करके नये निर्माण कराने, सिमगा में गौशाला हेतु पुर्व में चयनित भूमि पर प्रस्तावित किया जाए। घरेलू बिजली प्रति युनिट राशि में 50 प्रतिशत तक कम किया जाए। दामाखेड़ा से चौरेंगा होते मनोहरा मुख्य मार्ग सड़क मरम्मत करने की मांग की गई। मांग पूरी नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही गई। वहीं आगामी 14 जुलाई को छत्तीसगढ़ शिवसेना का 41वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने, साथ ही जनहितैषी मुद्दों पर धरना प्रदर्शन करने पर सहमति बनी। इस मौके पर प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिला उपाध्यक्ष डुपेश देवांगन, जिला कार्य सदस्य दिलीप चतुरे, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी, भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष खेमराज घिदोडे, सचिव आत्माराम नेताम, नगर अध्यक्ष वैभव चौबे, युवा सेना अध्यक्ष अंकुश शर्मा, उपाध्यक्ष नितिन देवांगन, शक्तिकेंद्र अध्यक्ष गोपी ध्रुव, राम निषाद, वंशराज भोंसले, ऋषभ दुबे, विरेन्द्र ध्रुव, बबलू, शिवकांत भोरे आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## जिले में अब तक 163 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 26 जून तक 163 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 234.9 एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 111.5 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील लवन में 138.2, सिमगा में 171.4, भाटापारा में 176.8,कसडोल में 111.5, पलारी में 167.6, टुंण्डरा में 144.5 एवं बलौदाबाजार में 144.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 1466.8 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 163 मिमी है। 2 जुलाई 2025 को 33.2 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 3.7 मि.मी.है। जिले के तहसीलवार में टुण्डरा 9.5 मिलीमीटर, कसडोल 11.6 मिलीमीटर सोनाखान 8.3, लवन 3.8 मिमी.सिमगा, सुहेला, बलौदाबाजार,पलारी एवं भाटापारा में शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### कृषि विज्ञान केंद्र के एक दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण में शामिल हुए 100 से अधिक किसान

# प्राकृतिक खेती को अपनाये किसान, बतायी तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के विभिन्न ग्रामों से आए 100 से अधिक किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की विविध तकनीकों और उसकी उपयोगिता को समझा। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों के बीच प्राकृतिक खेती एक सशक्त विकल्प बनकर उभरी है, जो न केवल उत्पादन लागत को घटाती है, बल्कि पर्यावरण संतुलन एवं मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी सहायक है। डॉ. प्रदीप कुमार कश्यप, मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ने अपने तकनीकी सत्र में बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक खेती में मृदा की जैविक उर्वरता को बनाए रखने के लिए जीवामृत, बीजामृत, वर्मीकम्पोस्ट आदि जैविक घटकों का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली न केवल भूमि को पुनर्जीवित करती है, बल्कि खेती को दीर्घकालिक रूप से लाभकारी बनाती है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित एनके भारद्वाज, सहायक संचालक कृषि, बलौदाबाजार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा ज़िला स्तर पर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ यंत्रों पर अनुदान और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. पीडी वर्मा, विषय विशेषज्ञ ने प्रशिक्षण में बताया कि प्राकृतिक खेती के अंतर्गत किस प्रकार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध यंत्रों का उपयोग कर श्रम और समय की बचत की जा सकती है। उन्होंने बैलगाड़ी चालित सीड ड्रिल, जीरो टिल सीड ड्रिल की मशीन, हल्के व श्रम बचाने वाले उपकरणों के प्रदर्शन के साथ उपयोग की विधियां समझाईं। उन्होंने यह भी बताया कि यंत्रों की उपयोगिता केवल सुविधा के लिए नहीं, बल्कि उत्पादन की प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और कुशल बनाने के लिए भी आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जैविक उत्पादों की तैयारी (जैसे जीवामृत, बीजामृत, मटका खाद) की स्थल पर जीवंत प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही, किसानों को समूह चर्चाओं, प्रदर्शन, प्रश्नोत्तर और सुझाव देने के अवसर भी प्रदान किए गए। किसानों ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह आयोजन अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक था। कुछ किसानों ने बताया कि वे पहले से ही अपने खेतों में जैविक तरीकों का प्रयोग कर रहे हैं और अब प्राकृतिक खेती को और विस्तार देंगे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप कश्यप एवं धन्यवाद ज्ञापन स्वाति मिर्झा, विषय विशेषज्ञ (एग्रोनॉमी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक एवं कृषि सखी उपस्थित थे।

### तकनीकों से कीट नियंत्रण संभव

डॉ. सविता राजपूत, बागवानी विषय विशेषज्ञ ने प्राकृतिक खेती को बागवानी फसलों में कैसे अपनाया जाए, इस पर गहन जानकारी दी। उन्होंने स्थानीय फलों एवं सब्जियों जैसे टमाटर, भिंडी, मिर्च, पपीता, अमरूद में प्राकृतिक विधियों से अधिक गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त करने की विधियों पर प्रकाश डाला। डॉ. सागर आनंद पांडे, पीए (कीटविज्ञान) ने कीट नियंत्रण हेतु घरेलू तथा जैविक विकल्पों की चर्चा की, जैसे नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, वाष्पशील पदार्थों वाले पौधों के अर्क एवं ट्रैप तकनीक। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों से कीट नियंत्रण संभव है और किसानों को महंगे रसायनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

## सेमरिया मार्ग का 13 करोड़ में होगा जीर्णोधार

**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के बहुप्रतिक्षित मांग को स्वीकृति देते हुए भाटापारा शहर में सेमरिया घाट होते हुए नारायपुर, चंदखुरी मार्ग के मजबूती करण कार्य को मंजूरी दी है। इसके तहत चंदखुरी मार्ग तक की सड़क को 13 करोड़ 8 लाख की राशि से सड़क निर्माण कराया जायेगा।



उक्त सड़क निर्माण की मांग शिवरतन शर्मा द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। उपरोक्त सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद चंदखुरी, नारायणपुर, अमलडिहा, ठेलकी, बासीन, मद्वकू, दुधिया, नवागांव, सेमरियाघाट, देवरी, खोलवा गांव सहित सूमा, केची गांव वालो की भी बेहतर यातायात का साधन सुलभ सड़क के रूप में मिल सकेगा। इसके लिए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया है।

## पेज 11 के शेष

### मतदान केन्द्रों का...

मतदान केन्द्र, स्थल, भवन परिवर्तन, अनुभाग परिवर्तन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 1 जुलाई से 30 अगस्त तक किया जाना है। आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदण्डों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित करने एवं मतदान केन्द्रों के विसंकुलन लिए युक्तियुक्तकरण किया जाना है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार शेट्टे, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि लखेश साहु, अविनाश मिश्रा, संजय श्रीवास, भुनेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध 5 बाहरी...

हैं, जिससे क्षेत्र में अपराध व संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण पाने में मदद मिल रही है। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि यदि कोई अनजान व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता नजर आए तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### बल्दाकछार में लगा ...

का जिला प्रशासन द्वारा द्रुत गति से अनुपालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बांस शिल्प हेतु वन विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में बांस उपलब्ध कराया गया है। बांस से बने सामग्री विक्रय के लिए मार्केट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। रोजगार की मांग पर निर्देशानुसार टिकेश्वर कि रोजगार दिलाया गया है। नदी में तटबंध निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। गांव में 2 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाईट लगाया जा रहा है। जंगल सफारी के लिए वाहन चलाने हेतु 30 युवाओ को प्रशिक्षण एवं लाइसेंस दिया गया है। अस्पताल व कॉलेज के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। लोगों को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए शासन - प्रशासन प्रतिबद्ध है। कलेक्टर ने सरपंच की मांग पर वार्ड क्रमांक 4 में सीसी रोड एवं ग्राम खैरा में रोड मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार करने कहा।

### आपदा पीड़ित 4...

संतराम सतनामी, निवासी ग्राम दतान ख तहसील पलारी, चुकेश कुमार पिता छबिराम वर्मा, निवासी ग्राम अहिल्दा, तहसील लवन एवं श्रद्धा चौहान पति संतोष चौहान, निवासी ग्राम पहंदा, तहसील टुंडरा शामिल हैं। पीड़तिों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली गिरने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# परगिया कुर्मी समाज ने सामाजिक नियमावली में किया संशोधन, मृत्यु भोज पर बड़ा-पूरी वितरण का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के मेन रोड में स्थित कुर्मी सामाजिक भवन में रविवार को छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की बैठक हुई। इस दौरान समाज से गुजरे हुए लोगों के प्रति 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा को शांति की कामना की। समाज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा द्वारा समाज में आए हुए सभी सामाजिकजनों का अभिवादन करते हुए नियमावली संशोधन का प्रस्ताव रखा, जिसमें कुछ नियमों को यथावत रखते हुए कुछ नियमों में संशोधन करने की चर्चा परिचर्चा की गई, जिसमें सभी ग्राम प्रमुखों से आग्रह किया गया कि अपने-अपने गांव की समाज के लोगों से चर्चा कर अपना-अपना तर्क दिया। नियमावली बदलाव किया गया, जिसमें मृत्यु भोज पर बड़ा पूरी परोसने व समाज के घर परिवार आय अनुसार कुछ राशि समाज में जमा करने पर जोर दिया गया, ताकि समाज के छात्र-छात्राओं पढ़ाई के लिए पैसा की कमी को पूरा किया जा सके।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, सह सचिव नंदराम वर्मा, ऑडिटर पप्पू वर्मा, यावत वर्मा, लोकपाल धरम वर्मा, परस वर्मा, रघु वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, सलाहकार रामावतार वर्मा, कोमल प्रसाद वर्मा, अवध राम वर्मा सहित समाज के लोग शामिल हुए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

अ-2/2024-25

ग्राम अहिल्दा प.ह.नं. 29 तह. लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामायण यादव पिता लल्लू जाति रावत निवासी ग्राम अहिल्दा तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम-अहिल्दा प.ह.नं.-29 तहसील लवन में स्थित भूमि खसरा नंबर 1547/4 रकबा 0.0690 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से रकबा 0.0210 हे. भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 10/07/2025 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार**




मान. टंकराम वर्मा जी
मंत्री खेलकूद एवं युवा कल्याण
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छ.ग. शासन
मान. अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं
विकास विभाग छ.ग. शासन
अटल परिसर का लोकार्पण एवं भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर नगर पंचायत पवनी में आगमन पर
मान. श्री अरूण साव जी एवं
मान. श्री टंकराम वर्मा जी
का हार्दिक
स्वागत...
वंदन...
अभिनंदन...
दिनांक 03 जुलाई 2025, गुरूवार
नन्दू साहू
उपाध्यक्ष नगर पंचायत पवनी
कुलदीपक साहू
अध्यक्ष नगर पंचायत पवनी
पार्षदगण नगर पंचायत पवनी
श्रीमती भुनेश्वरी पिन्दु साहू
पार्षद वार्ड 01
श्री कमलेश साहू
पार्षद वार्ड 02
श्री रामगोपाल साहू
पार्षद वार्ड 03
श्री नंदलाल साहू
पार्षद वार्ड 04
श्री गणेश साहू
पार्षद वार्ड 05
श्री रामकृष्ण साहू
पार्षद वार्ड 06
श्री करन कुमार साहू
पार्षद वार्ड 08
श्री लिलाम्बर साहू
पार्षद वार्ड 09
श्रीमती ओमकुमारी लोकनाथ साहू
पार्षद वार्ड 10
श्री अरुण साहू
पार्षद वार्ड 11
श्री राजेश चौहान
पार्षद वार्ड 12
श्रीमती अगहन बाई
पार्षद वार्ड 13
श्रीमती अनिता श्याम साहू
पार्षद वार्ड 14
श्रीमती दुर्गा राजिव लोचन यादव
पार्षद वार्ड 15
विनीत : समस्त नगरवासी नगर पंचायत पवनी

## खबर संक्षेप



### सहदेव सिंह बने छग आदिवासी सवरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष

**भटगांव**। विधानसभा के आदिवासी नेता सहदेव सिंह सिदार 18गढ़ सवरा समाज का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सवरा समाज का प्रादेशिक चुनाव सक्ति जिले के डभरा ब्लाक में हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के लिए सहदेव सिंह सिदार ने नामांकन दाखिल किया था सिदार को वोटिंग के दौरान पूर्ण बहुमत मिला और सवरा समाज को एक नए प्रदेश अध्यक्ष मिला। इसी प्रकार समाज का प्रशासक रत्थू प्रसाद सिदार, उपाध्यक्ष हेमलाल सिदा, कोषाध्यक्ष अलेख राम सिदार निर्वाचित हुए हैं। वहीं सचिव नंदलाल सिदार निर्विरोध चुनाव जीते है।

### धन्ना धनेश्वर बने सहकारी समिति के अध्यक्ष



**हथबंद**। मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर सहकारिता समिति सोसाइटी का अध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद को चुना गया। इस अवसर पर आस पास के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। धन्ना निषाद ने कहा नई जिम्मेदारी मिली है सब के सहयोग से आपस में मिलकर समस्या का समाधान करुंगा और अपने काम में खरा उतरूंगा। मंत्री टंकराम वर्मा सहित सभी जनप्रतिनिधियों और किसानों का आभार जताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धिगडे, पूर्व उपसरपंच, वर्तमान पंच संतोषधर दीवान, सहकारी समिति प्रबंधक अरूण कश्यप व समस्त कर्मचारी, भाजपा मंडल के महामंत्री ईश्वरी मारखडे, प्रेमलता वर्मा, उपाध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा, जीवन साहू, सोशल मीडिया प्रभारी धनीराम रजक, जीतू यादव, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, गजेंद्र यादव, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, पंच मूलचंद टंडन आदि उपस्थित थे ।

### नि:शुल्क मल्लखम्ब खेल प्रशिक्षण आज से प्रारम्भ

**बलौदाबाजार**। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार के तत्वावधान में जिला मुख्यालय में मल्लखम्ब खेल का प्रशिक्षण 3 जुलाई से प्रारंभ किया जा रहा है। मल्लखम्ब भारत की एक प्राचीन खेल विद्या है, जिसका अभ्यास जिमनास्टिक योग एवं एक्रोबेटिक्स के आयामों के साथ किया जाता है। इसमें जिमनास्ट का एक समूह एक स्थिर ऊर्ध्वाधर पोल के साथ कुश्ती की पकड़ का उपयोग करके हवाई योग और जिमनास्टिक आसन करता है। बलौदाबाजार में मल्लखम्ब खेल का प्रशिक्षण जिला मल्लखम्ब एसोशिएसन जांजगीर चांपा के सचिव पुष्कर दिनकर (कोच) एवं अकलेश कुमार (सहायक कोच) खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। खिलाड़ियों के चयन हेतु 3 से 5 जुलाई तक संध्या 4 से 6 बजे तक योग भवन बलौदाबाजार में मल्लखम्ब का चयन ट्रायल 5 वर्ष से 17 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं का लिया जाएगा। उक्त ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 खिलाड़ियों (15 बालक एवं 15 बालिका) को चयनित किया जायेगा, जिसे मल्लखम्ब खेल का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा।

### बंदरों का आतंक, लोगों को काटकर घायल कर रहे

**मुड़पार-सरसीवां**। अंचल में इस समय बंदरों का झुंड आतंक मचा रहा है। सैकड़ों की तादात में ये बंदर जहां भी जाते हैं तहस नहस कर देते हैं। बंदर बाड़ियों में लगी सब्जियों की फसल, पपीते, अमरूद, केला के पेड़ पौधे को ज्यादा नुकसान पहुंचे रहे हैं। इन दिनों ग्राम पंचायत झुमका में एक बंदर का झुंड आ गया है, झुंड के एक बंदर ने दर्जनभर युवकों को काटकर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में हुआ। बताया जा रहा है झुंड में से एक बंदर पागल हो गया है, जो बुरी तरह से लोगों को नाखून मारकर और काटकर घायल कर रहा है।

# यातायात नियम का उल्लंघन, 79 वाहन चालकों पर कार्रवाई

## यातायात पुलिस नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, जहां यातायात पुलिस जिले के अलग-अलग जगहों पर सभी दोपहिया वाहन की सघन जांच कर रही है। 2 जुलाई को अर्जुनी और रवान के बीच उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर द्वारा स्वयं उपस्थित होकर बिना हेलमेट, कागजात, नाबालिक द्वारा वाहन चलाना, तीन सवारी आदि की जांच एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की। इसका उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना और लोगों को जागरूक करना है।



### 6900 रूपये का समन शुल्क वसूला

यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए चलाया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर ने बताया कि 1 जुलाई को दोपहिया वाहनों में तीन सवारी पर 10 प्रकरण बनाये गए, जिसमें 6900 रूपये का समन शुल्क वसूला गया। चेकिंग के दौरान कागजात नहीं होने पर चार प्रकरण 1200 रुपए का चालान काटा गया। मोबाइल से बात करते हुए वाहन चलाने पर 2 प्रकरण जिसमें 1800 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

उपपुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर ने कहा कि यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई से बचने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना होगा। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर 12 प्रकरण जिसमें 6 हजार, बिना सीट बेलट पहने वाहन चलाने पर एक प्रकरण, बिना लायसेंस वाहन चलाना एक प्रकरण, बिना नम्बर वाहन 16 प्रकरण जिसमें 4800 रूपये, माल वाहक वाहन पर सवारी बैठना सहित विभिन्न प्रकार का कानून का पालन नहीं करने पर यातायात पुलिस ने 79 प्रकरण बनाये, जिसमें समन शुल्क वसूल किया गया।

## अनदेखी : राहगीरों का चलना हुआ कठिन, छोटे वाहन चालक हो रहे घायल

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग गड्ढे में तब्दील, भरा पानी, दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की खस्ताहाल सड़क से वाहन चालक एवं राहगीर परेशान है। विभागीय अधिकारी एक्शन नहीं ले रहे हैं। हम बताना चाहते हैं कि गिधौरी से शिवरीनारायण जाने वाली सड़क बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। सड़क निर्माण व समय पर मरम्मत नहीं होने से राहगीरों एवं ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस मार्ग पर 24 घंटे आवाजाही लगी रहती है और गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग से नेता, मंत्री से लेकर अधिकारी भी दिन में कई बार गुज़रते हैं।

इस सड़क मार्ग पर वाहनों का भारी आवागमन रहता है, लेकिन इस मार्ग पर बने जानलेवा गड्ढे से आम राहगीरों सहित वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क के इन गड्ढों को बचाने आये दिन वाहन चालक एवं राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। गिधौरी से शिवरीनारायण, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कटघोरा, रतनपुर सहित कई अंचल के गांवों को जोड़ती है।

यही मुख्य मार्ग है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी जर्जर और खस्ताहाल सड़कों की सुध नहीं ले रहे हैं, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण लोगों में आक्रोश है। क्योंकि यह सड़क मार्ग जिला सहित अन्य राज्य को जाने कि लिए मुख्य सड़क मार्ग है। सामान लेकर जाने वाली वाहनों को कापी परेशानी हो रही है। कई बार मोटरसाइकिल एवं ई-रिक्शा पलट गया है और उसमें सवार यात्री बच्चे सहित लोग घायल हो चुके हैं । लोनिवि विभाग द्वारा ठेकेदार को बोलने पर आनन-फानन में पत्थर चुरा डालकर मरहम-पट्टी लगाकर खानि पूर्ति करते हैं और दो चार दिनों में सड़क का हाल उखड़कर वही हो जाता है।

पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर गौतम शिवरीनारायण स्थानांतरण होने के कारण अब नये सब इंजीनियर डीसी दिनकर शिवरीनारायण से लगातार संपर्क करना चाहा किंतु फोन रिसीव नहीं किया गया।

### निर्माण कराने में सक्षम नहीं

पीडब्ल्यूडी शिवरीनारायण, जांजगीर-चांपा द्वारा गिधौरी - शिवरीनारायण की जर्जर सड़क का निर्माण कराने में सक्षम नहीं है तो गिधौरी महानदी तट की सीमा को लोनिवि कसडोल जिला बलौदाबाजार संभाग में किया जाएं, ताकि सड़क मरम्मत हो सके।

-देवप्रसाद केवट
सरपंच ग्राम पंचायत गिधौरी

# सौर ऊर्जा लगाने पर अब नगर में ही मिलेगी सब्सिडी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब घरों में सौर ऊर्जा की रोशनी के लिए लोगों को सब्सिडी दी जा रही है।इसके लिए गिधौरी में सोलर सिस्टम वारी एनर्जीज कंपनी का शुभारंभ गोपाल दास महाराज ने किया।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब घरों में सौर ऊर्जा की रोशनी जगमगायेगी। योजना के तहत सब्सिडी मिलने से लोग इस योजना से सोलर पैनल लगवाने में दिलचस्पी ले रहे हैं। इसके साथ ही घर के बिजली बिल से राहत मिल रही है। इस योजना के जरिए जिन्होंने सोलर पैनल लगवाया, उन्हें बिजली बिल की चिंता से न केवल मुक्ति मिली है, बल्कि वे वारी एनर्जी को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं। इस बीच फर्म के संचालक सौरव सुल्तानिया, मनीष अग्रवाल, गिधौरी बिजली विभाग जेई साहब, ठेकेदार दिलहरण साहू, निरंजन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, स्वयं अग्रवाल, नटवर अग्रवाल, साथ ही साथ नरेंद्र केसरवानी, रमेश अग्रवाल, बिल्लू अग्रवाल, विवेक शर्मा, अंकुर गोयल, अंकुश अग्रवाल, कुणाल शर्मा एवं गिधौरी -शिवरीनारायण के ग्रामीणजन मौजूद थे।

## प्राचार्य पदोन्नति से हटा स्टे, शिक्षकों ने प्रशासन का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को हाई कोर्ट से स्टे हटते ही खुशियां मिली है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि 2013 के बाद से राज्य में प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई थी, 90 प्रतिशत से अधिक हाई स्कूल प्राचार्य विहीन थे। संस्था प्रमुख की पदस्थापना नहीं होने से अनुशासन और शिक्षा गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ रहा था। सैकड़ों योग्यता और पात्रताधारी शिक्षक पदोन्नति की राह ताकते सेवानिवृत्त और मृत हो गए। शिक्षक संघ ने बहुप्रतीक्षित पदोन्नति के लिए कोर्ट का एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। शिक्षक संघ ने यह भी मांग रखी है कि प्राचार्य पदस्थापना में पारदर्शी व्यवस्था का पालन किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार और लेनदेन की आशंका को रोका जा सके। प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने पर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा संचालक का प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय महामंत्री मनोज राय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े, प्रांतीय उपाध्यक्ष टेकराम सेन, डॉ. अशोक गुप्ता आदि ने आभार जताया।

- 12 वर्षों बाद प्राचार्य पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त

### मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग से लगातार की गई पैरवी

वर्तमान सरकार से सत्ता संभालते ही शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग के भारसाधक एवं मुख्यमंत्री से मिलकर इस पर व्यापक और सारगर्भित चर्चा कर शीघ्र प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से लेकर विभाग को प्राचार्य के आदेश जारी करने के निर्देश दिए, जिसका परिणाम हुआ कि 30 अप्रैल को लगभग 3000 शिक्षकों को प्राचार्य के रूप में पदोन्नत कर दिया गया। परन्तु कुछ शिक्षकों ने मामला कोर्ट में ले जाकर उलझा दिया। शासन ने कोर्ट में मजबूती से पक्ष रखा और आज पदोन्नति पर स्टे हट गया। वर्षों बाद मिली इस पदोन्नति से प्रदेश के शिक्षक प्रसन्न हैं।

## खाद, बीज के लिए किसानों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

किसान खरीफ फसल की जुताई, बुआई, कृषि कार्य की तैयारी में लगे हैं। ऐसे समय में राज्य सरकार द्वारा किसानों को खाद बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किया जाना था, किन्तु सहकारी समितियों में किसानों को डीएपी खाद, बीज की कमी का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी खाद एवं बीज की अनुपलब्धता को लेकर किसानों को होने वाली समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार कांग्रेस नेता प्रवीण टंडन के नेतृत्व में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित संस्था खैरा में मंगलवार को प्रदर्शन कर डीएपी खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराने समिति प्रबंधक गुलाबराम साहू को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रदर्शन में ग्राम खैंदा, तुरमा, खैरा, पहंदा के किसान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिद्धेश्वर श्रीनाथ धाम में शाला प्रवेश उत्सव एवं भवन लोकार्पण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



सिद्धेश्वर श्रीनाथ धाम में शाला प्रवेश उत्सव एवं भवन लोकार्पण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच एवं सरपंच संघ के सचिव जनपद पंचायत पलारी रामायण कुमार धीवर थे। विशिष्ट अतिथि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष तारेश कुमार परगनिहा, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष शंभू लाल वर्मा, पंच गायत्री वर्मा, पार्वती तुर्का एवं संगीता डहरिया उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महाशिव यज्ञ समिति के वरिष्ठ सदस्य बंशीलाल धुरंधर, पालक समिति की माताएं, स्वच्छता समिति की सदस्याएं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेदराम बांधे एवं समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। अतिथियों का तिलक वंदन कर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित भवन का विधिवत लोकार्पण मुख्य अतिथि ने किया। प्रवेश उत्सव पर बच्चों को गणवेश, पठन सामग्री एवं चॉकलेट वितरित कर मुंह मीठा कराया गया। बच्चों को अनुशासन में रहकर अध्ययन करने, नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा अपने माता-पिता, गुरुओं, विद्यालय व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### संकुल केंद्र में मना प्रवेशोत्सव



**खरोरा**। संकुल केंद्र मोहरेंगा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। अतिथियों ने कक्षा पहली के नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल टीका लगाकर, मिठाई खिलाकर मूंह मिठा कराया और गणवेश तथा पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेषनारायण यादव और विधायक प्रतिनिधि संतोष वर्मा द्वारा बच्चो को नियमित रूप से स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किय। कार्यक्रम में सलिता वर्मा, रानी वर्मा, मंजु साहू, शैल कुमारी वर्मा, रत्ना मानिकपूरी और अरुणा मानिकपूरी आदि की उपस्थित रही।

## हरिभूमि ने इस मार्ग पर जतायी थी घटना की संभावना

# बायपास मार्ग पर गड्ढे में धंसा ट्रक, पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

हरिभूमि फॉलोअप



बलौदाबाजार बायपास मार्ग पर आनंद एनर्जी पेट्रोल पंप के सामने विकराल गड्ढे में मंगलवार को भारी कैप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 12 ए टी 8541 अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना सुबह लगभग 7.30 के आसपास घटी। बलकर चालक बजरंगी यादव कोरबा से फ्लाई ऐश लोड कर श्री सीमेंट खाली करने जा रहा था। इसी बीच आनंद एनर्जी पेट्रोल पंप के सामने विकराल गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसे बैटरी एवं स्टेफनी उन्हीं पर गिर गई, जिससे उनके पीठ पर चोंटे आई हैं, हालांकि वह इस घटना से बाल-बाल बच गए, किंतु गाड़ी को लाखों का नुकसान हुआ है।


जर्जर बायपास बना हादसों का रास्ता
प्रशासन की चुप्पी खतरनाक संकेत

हरिभूमि ने प्रमुखता से बाईपास मार्ग के दुर्दशा के विषय पर 30 जून समाचार प्रकाशित किया था, किंतु जिला प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं देने से गड्ढा अब तक नहीं भरा गया है, जिससे आगे भी दुर्घटना होने की स्थिति बनी हुई है।

मार्ग में चलने वाले दो पहिया ग्रामीणों ने कहा कि हमारा जिला डीएमएफ फंड, सीएसआर फंड, रजिस्ट्री पंजीयन एवं खनिज रॉयल्टी एवं शराब के होने वाले लाभ से प्रदेश के खजाना को भरने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, किंतु जिले के मार्गों की पेचवर्क एवं नवीनीकरण कार्य के लिए राशि प्रदेश सरकार द्वारा जारी नहीं करना यह सौतेला व्यवहार है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411